# दिया कुमारी ने केकड़ी में जिला विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ किया

## आने वाले वर्षों में केकड़ी जिला विकास की नई कहानी लिखेगा : उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी

**केकड़ी,** (निसं)। राज्य की उपमुख्यमंत्री एवं केकड़ी जिले की प्रभारी मंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर केकड़ी जिले के नगर परिषद प्रांगण में जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

उन्होंने जिला विकास पुस्तिका का विमोचन एवं राज्य सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। उन्होंने जिला विकास प्रदर्शनी में विभागवार लगाई गई स्टॉल्स का अवलोकन किया। इसमें राजीविका द्वारा हस्तशिल्प उत्पाद, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के मॉडल, कृषि विभाग द्वारा उन्नत फसल के बीज एवं उत्पाद सहित जिले के पंच गौरव प्रदर्शन स्टाल का भी अवलोकन किया। इसमें एक जिला एक उपज सरसों, एक प्रजाति जामुन, एक उत्पाद ग्रेनाइट, एक खेल हॉकी एवं एक पर्यटक स्थल हाड़िंतनी की बावड़ी और वराह मंदिर के कटआउट्स की सराहना की।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रदर्शनी में दिव्यांगजन को उपकरण वितरित किए। इसमें सजन को व्हीलचेयर, कमलेश तेली को ब्लाइंड स्टिक, कन्हैयालाल को ट्राईसाइकिल, एवं मथुरा देवी गुर्जर को बैसाखी वितरित की गई। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत अफसाना पत्नी स्माइल को राशि 51 हजार रुपए का चेक दिया। उपमुख्यमंत्री द्वारा पांच प्रतिभावान विद्यार्थियों को मोबाइल टैबलेट भी वितरित किए गए। इसमें मनीष धाकड, हर्ष कुमार जैन, रौनक चौधरी, पार्थ माहेश्वरी एवं अदिति शर्मा को टैबलेट वितरित किए गए। निशुल्क साइकिल वितरण योजना अंतर्गत राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय केकड़ी की छात्राओं अंबिका कंवर, नीतू जांगिड़, सोनू सैनी, ऐश्वर्या दाधीच एवं प्राची सेन को साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर चार विद्यार्थियों को व्यवसायिक टूल किट वितरित किए गए साथ ही मुफ्त जांच हेतु मां वाउचर योजना के अंतर्गत तीन महिलाओं को मुफ्त सोनोग्राफी जांच हेतु वाउचर वितरित किए गए। स्कूटी वितरण योजना के अंतर्गत मुस्कान बैरवा, खुशी चौधरी, अंतिमा शर्मा, आरती शर्मा एवं नरगिस अंसारी को स्कूटी वितरित की गई। उपमुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के अंतर्गत नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र दिए गए। युवा सम्मेलन और रोजगार उत्सव का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जहां नवचयनित कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इसमें राजेश्वरी कंवर, अमित शर्मा, मोहन सिंह नरूका, सलोना आहूजा, राजेश जांगिड़ सहित अन्य को नियुक्ति पत्र दिए गए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया और रोजगार सृजन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता जताई। रोजगार उत्सव के अंतर्गत जिले में 252 नव नियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र दिए गए। इसके पश्चात उपमुख्यमंत्री द्वारा जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया गया। साथ ही राज्य सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल पर प्रेस वार्ता की गई। पत्रकारों से मुखातिब होते हुए उपमुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री दिया कुमारी ने राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने 2024-25 के बजट में केकड़ी जिले के लिए ऐतिहासिक घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा आने वाले वर्षों में केकड़ी जिला विकास की नई कहानी लिखेगा। उन्होने राज्य सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उपमुख्यमंत्री ने जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि यह पुस्तिका सरकार की पारदर्शिता और विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अवसर पर विधायक शत्रुघ्न गौतम, मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत, अजमेर देहात भाजपा अध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा, जिला कलेक्टर श्वेता चौहान और विशिष्ट शासन सचिव नरेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

- दिया कुमारी ने जिला विकास पुस्तिका का विमोचन एवं राज्य सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की

# बाघिन टी-107 सुल्ताना ने शिकार किया

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। सवाईमाधोपुर के रणथंभौर टाइगर नेशनल पार्क के त्रिनेत्र गणेश मंदिर सड़क मार्ग पर स्थित शिल्पग्राम व जोगीमहल रेस्टोरेंट के पास बुधवार शाम को सुल्ताना नाम से प्रसिद्ध बाघिन टी-107 में एक गाय का शिकार किया। इस दौरान वहां पर उपस्थित लोगों ने बाघिन के भ्रमण व शिकार का वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर भेजा। सूचना पाकर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची एवं लोगों को वहां से हटाकर बाघिन को जंगल में भेजा। सुल्ताना बाघिन का टेरेटरी जॉन नंबर एक एवं गणेश परिक्रमा मार्ग है अनेकों बार वह रणथंभौर त्रिनेत्र गणेश जी मंदिर के सड़क मार्ग पर आती रहती है।

सवाईमाधोपुर के रणथंभौर टाइगर नेशनल पार्क के त्रिनेत्र गणेश मंदिर सड़क मार्ग पर बाघिन टी-107 में एक गाय का शिकार किया।

# पूर्व सभापति के घर के बाहर नाले में शव मिला

**अलवर,** (निसं)। अलवर शहर कोतवाली थाना क्षेत्र 80 क्वार्टर में पूर्व सभापति मुकेश सारवान के घर के बाहर नाले में 5 से 6 दिन पुराना शव नाली में फंसा हुआ मिला। तेज बदबू आने पर सफाई कराने पर शव मिला। इसके बाद सनसनी फैल गई। शव की पहचान भी नहीं हो सकी। वहीं मृतक की जेब से कुछ कागज मिले हैं, जिसमें सट्टे में काम लिए जाने वाले नंबर लिखे हैं।

सफाईकर्मी साजन कुमार ने बताया कि हम दो लोगों की ड्यूटी 80 क्वार्टर स्कीम 10 में साफ सफाई की है। दोनों युवक रोजाना की तरह गुरुवार सुबह करीब साढ़े सात बजे आए। यहां तेज बदबू आ रही थी। इसके बाद नाले की सफाई करने लगे, लेकिन कुछ नहीं मिला। बाद में नाले के ऊपर सीसी किया हुआ था। उस जगह नाली सीसी कवर का तोड़ा तो नीचे से सड़ा हुआ शव मिला। मृतक की उम्र करीब 50 साल है। कपड़ों की जेब से कुछ कागज मिले। एक कागज पर सट्टे नंबर जैसी पर्ची मिली। अभी मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के लोगों से पता करने में लगी है। शव को मॉच्युरी में रखवाया गया है।

कोतवाली थाना एएसआई कन्हैयालाल ने बताया कि पूर्व सभापति और वर्तमान पार्षद मुकेश सारवान ने थाने पर सूचना दी कि उनके मकान के सामने एक ढकी हुई नाली में शव फंसा हुआ है। काफी मशक्कत के बाद शव को निकाला गया। जिसके लिए नाली के सीसी कवर को जेसीबी से जोड़ा गया। इसके बाद एफएसएल टीम ने सैंपल लिए।

# एक ही दिन में दो मंदिरों में चोरी

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। नगर पालिका व उपखंड मुख्यालय बौंली नगर पर अज्ञात चोर द्वारा बुधवार को दो मंदिरों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया गया जिसमें गोविंद देवजी के मंदिर से करीब 2-3 बजे चांदी के दो छात्र एवं उससे पहले करीब बारह बजे दोपहर को नरसिंहजी के मंदिर से अज्ञात चोर चांदी का छात्र व हाथों के कड़े चुरा ले गए।

चोरी की वारदात का जब पता चला जब मंदिर पुजारी ने सांय आरती के लिए भगवान का गर्भ ग्रह खोला। मंदिरों में दिनदहाड़े हो रही चोरी से नगरवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है एवं पुलिस से इन चोरों को तुरंत पकड़ने की मांग की है। बौंली पुलिस थाने के हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि अज्ञात चोर ने पहले नरसिंह जी के मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया एवं उसके बाद गोविंद देवजी की मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। नरसिंहजी के मंदिर की चोरी की रिपोर्ट मंदिर के पुजारी हनुमान शर्मा ने बुधवार शाम को बौंली थाने में दर्ज कराई है। पुलिस इस मामले को लेकर सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी हुई है।

- पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले

## हेरोइन सहित एक गिरफ्तार

**तारानगर,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में साहवा थाना पुलिस ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए गुरूवार को अवैध हैरोइन (चिट्टा) सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। साहवा थाना पुलिस ने साहवा से भाडग रोड पर राजकीय महाविद्यालय साहवा के पास गश्त के दौरान आरोपी बलवन्त कुमार पुत्र कृष्ण कुमार नायक के कब्जे से 4.77 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) जब्त कर आरोपी को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया गया। कार्यवाही में पुलिस थाना साहवा टीम में अल्का बिश्नोई उ.नि. थानाधिकारी, कुलदीप कानि, प्रमेश्वरलाल कानि, पवन कुमार कानि आदि शामिल रहे।

## दुकान का शटर ऊंचा कर चोरी

**निवाई,** (निसं)। श्रीराधा दामोदरजी कुण्डों पर स्थित एक इलेक्ट्रिक की दुकान का शटर ऊंचा करके चोर गल्ले में रखे करीब 90 हजार रूपए की नकदी चुराकर ले गए। चोरी की वारदात दुकान पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। चोरी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना का जायजा लिया। पुलिस ने बताया कि गुरूवार को सुबह करीब सवा पांच बजे दो चोर राधा दामोदरजी कुण्डों पर स्थित संजय सैनी पुत्र लालचन्द सैनी की दुकान का शटर को बड़े पेचकश से ऊंचा करके दुकान में घुस गए और गल्ले में रखे करीब 90 हजार रूपए की नकदी चुराकर ले गए। पुलिस ने बताया कि चोरी का मामला दर्ज करके आस-पास के सीसी टीवी केमरे खंगाले गए।

# पंचायत समिति की खण्डरनुमा दुकान में बुजुर्ग का शव मिला

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। शहर में गुरुवार को रेलवे स्टेशन रोड़ पर पंचायत समिति की खण्डरनुमा पड़ी दुकान में एक बुर्जुग व्यक्ति का शव मिला है। नगरपालिका की सफाई कर्मचारी महिला ने शव देखा और रास्ते से गुजर रहे समाजसेवी राजु बागवान को सूचना दी। वहीं अत्यधिक ठंड से होने मौत होने का अंदेशा जताया है।

शव मिलने की सूचना के बाद मौकै पर पुलिस पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। मौके पर पहुंचे एसआई बनवारीलाल यादव ने बताया कि सूचना पर मय जाप्ते के साथ मौकै पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। आसपास के लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि पंचायत समिति की खण्डरनुमा पड़ी दुकानों में कई भिखारी व्यक्ति जो कि रात्रि में निवास करते हैं जिनमें मृतक बुर्जुग भी एक था, जो भी कई दिनों से शहर में भिक्षा मांगकर अपना गुजारा कर रात्रि में खण्डरनुमा दुकानों में निवास करता था। आज अत्यधिक ठंड के चलते इसकी मौत होना प्रतित हो रहा है। प्राथमिक तौर पर शव को कब्जे में लेकर शव को सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया है। वारिसान की तलाश जारी है।

फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। बुजुर्ग ने काली पेंट और जैकेट पहनी हुई है। मृतक की शिनाख्त के बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

- भिक्षा मांगकर अपना गुजारा करता था, अत्यधिक ठंड से होने मौत होने का अंदेशा

## मोरेल डैम की नहरें बंद करने की मांग

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। राजस्थान किसान सभा के सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष कानजी मीणा ने सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर शुभम चौधरी को एक ज्ञापन भेज कर मोरेल डैम की दोनों नहरें बंद करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि मोरेल डैम की मुख्य नहर व पूर्वी कैनाल का पानी व्यर्थ जाने के कारण नहरों से पानी की सप्लाई को बंद कर दिया जाना चाहिए। वर्तमान में किसानों की सरसों, गेहूं व चने की फसल की सिंचाई हो चुकी है एवं अब जो भी पानी नहरे में छोड़ा जा रहा है वह व्यर्थ है। अब किसानों को 1 जनवरी 2025 से फसलों की सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता होगी तब तक इसे बंद कर दिया जाना चाहिए।

# वाहन की टक्कर से राहगीर व बाइक सवार की मौत

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। गंगापुर सिटी-जयपुर हाईवे सड़क मार्ग स्थित सीपी अस्पताल के पास बुधवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार और राहगीर की मौत हो गई। हादसे में बाइक पर सवार दूसरा युवक घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरुवार सुबह सदर थाना पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार मानपुर गांव निवासी मनमोहन बैरवा उर्फ मोनू पुत्र खेमचंद और लल्लू किशोरी बैरवा बुधवार रात जयपुर की ओर से अपने गांव मानपुर बाइक से आ रहे थे। इस दौरान गंगापुर सिटी-जयपुर हाईवे पर स्थित सीपी अस्पताल के पास बाइक सवार ने पैदल जा रहे एक राहगीर लड्डू खां पुत्र उमेदी खां निवासी दशहरा मैदान गंगापुर सिटी को टक्कर मार दी, जिससे तीनों सड़क पर गिर गए। इतने में अज्ञात वाहन ने सड़क पर गिरे बाइक सवार सहित राहगीर तीनों को कुचल दिया, जिससे तीनों गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद काफी संख्या में वहां से गुजर रहे वाहन सवारों और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई।

इस दौरान सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तीनों घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। यहां मनमोहन बैरवा (35) और लड्डू खां (40) को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। रात होने के कारण पुलिस ने दोनों के शव को अस्पताल की मॉर्चुरी में पोस्टमॉर्टम के लिए रखवाया, जबकि घायल लल्लू बैरवा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की जानकारी परिजनों को मिलने के बाद वह जिला अस्पताल पहुंचे। सदर थाने के सहायक उप निरीक्षक जबर सिंह ने बताया कि गुरुवार को दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

गंगापुर सिटी में अस्पताल में लगी परिजनों की भीड़।

- हादसे में बाइक पर सवार दूसरा युवक घायल, जिला अस्पताल में भर्ती कराया
- दोनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपे

# रेलवे में नौकरी का झांसा देकर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

## फरार इनामी आरोपी को बिहार से गिरफ्तार किया, 15 साल से फरारी काट रहा था

**कोटा,** (निसं)। बेरोजगार युवाओं को रेलवे में नौकरी का झांसा देकर लाखों की ठगी करने के मामले में फरार चल रहे पांच हजार के इनामी तीसरे आरोपी को रेलवे कॉलोनी पुलिस टीम ने बिहार से गिरफ्तार किया है।

शहर एसपी अमृता दुहन ने बताया कि रेलवे में नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाले वांछित आरोपी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक गंगासहाय शर्मा के सुपरविजन व रेलवे कॉलानी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्यवाही करते हुए मामले में 15 साल से वांछित चल रहे आरोपी मेहंदी हसन चौक थाना ब्रह्मपुरा जिला मुजफ्फरपुर बिहार निवासी एस.एन. शर्मा उर्फ गुरूजी (78) को बिहार से गिरफ्तार किया है।

शहर एसपी ने बताया कि पूर्व में दो आरोपी मुन्नीलाल वर्मा व विश्वबंधु शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

यह था मामला:- शहर एसपी ने बताया कि 16 जुलाई 2009 को रेल्वे कॉलोनी थाने में मधुबन कॉलोनी निवासी दिलीप सिंह ने इन्द्रा कॉलोनी निवासी मुन्नी लाल वर्मा, महावीर नगर विस्तार योजना निवासी विश्वबंधु शर्मा और बिहार निवासी एस.एन. शर्मा उर्फ गुरूजी के खिलाफ एक रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया था कि आरोपी मुन्नीलाल वर्मा जो उसका मित्र है। आरोपी मुन्नीलाल वर्मा ने अपने साथी विश्वबंधु शर्मा व एस.एन. शर्मा के साथ मिलकर उसको एवं उसके भाई संजीव सिंह, शशिकांत शर्मा, अवतार सिंह एवं विष्णुदत्त शर्मा को रेल्वे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रूपये की ठगी कर ली और उनको नौकरी का कोई दस्तावेज नहीं दिया। पुलिस ने दिलीप सिंह की रिपोर्ट पर तीनों आरोपियों के खिलाफ ठगी की धाराओं में मामला दर्ज किया था। मामले में पुलिस ने पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था और वांछित चल रहे तीसरे आरोपी एस.एन. शर्मा को मुजफ्फरपुर बिहार से गिरफ्तार किया।

- पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा

# पेयजल समस्या को लेकर लोगों का जलदाय विभाग के बाहर प्रदर्शन

**सीकर,** (निसं)। सीकर शहर के वार्ड नंबर 41 में पिछले लंबे समय से चल रही पानी की समस्या को लेकर जलदाय विभाग के समक्ष प्रदर्शन किया गया तथा धरना देकर जलदाय विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

वार्ड नंबर 41 के कई क्षेत्रों में पानी की किल्लत बनी हुई थी। पानी की समस्या को लेकर वार्ड के लोग पहले गोगामेड़ी के पास एकत्रित हुए तथा बाद में जलदाय विभाग पहुंचे आक्रोशित महिला एवं पुरुषों ने जलदाय विभाग के मेन गेट को बंद कर प्रदर्शन करते हुए जलदाय विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वार्ड की महिलाओं के साथ वार्ड की पूर्व पार्षद भावना कच्छावा ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को जमकर खरी खोटी सुनाई। काफी देर तक प्रदर्शन चलने के बाद जलदाय विभाग के अधिशासी अभियंता महेंद्र कांटीवाल तथा सहायक अभियंता प्रमोद कुमार ने महिला एवं पुरुषों को समस्या समाधान का आश्वासन दिया लेकिन वार्ड के लोगों ने लिखित में आश्वासन देने की बात कही तब जाकर जलदाय विभाग के अधिकारियों ने लिखित में नियमित एक दिन छोड़कर एक दिन जल सप्लाई देने की बात कही।

जिस पर वार्ड का एक प्रतिनिधिमंडल आनंद सिंह कच्छावा, नरेंद्र सोलंकी, देवेंद्र सिंह निर्वाण, हनुमान सिंह गहलोत, ओम सिंह बालापोता, गजराज सिंह परिहार, भागीरथ बड़जात्या तथा फूल सिंह निर्वाण के नेतृत्व में जलदाय विभाग के अधिकारियों से मिला तथा समस्या समाधान पर विस्तार पूर्वक चर्चा करने के बाद विभाग द्वारा लिखित में जल सप्लाई सुचारु किये जाने का आश्वासन दिया। साथ ही ख़ातियो की गली में शहर विधायक राजेंद्र पारीक द्वारा स्वीकृत ट्यूबवेल को शीघ्र लगाए जाने का भी आश्वासन दिया गया। अंत में सभी वार्डवासियों ने जलदाय विभाग के अधिकारियों से हुई सौहार्दपूर्ण वार्ता के बाद उनका आभार व्यक्त किया। प्रदर्शन के दौरान वार्ड के वरिष्ठ नागरिक सत्यनारायण सिंह पवार, सवाई सिंह निर्वाण, बजरंग सिंह पवार, महेंद्र सिंह शेखावत, सुरेंद्र सिंह चौहान, झाबर सिंह गहलोत, भरत सिंह परिहार, योगेश, ऋषिका, मनोहर सिंह परिहार सहित काफी संख्या में महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

- धरना देकर वार्ड 41 के लोगों ने जलदाय विभाग के खिलाफ नारेबाजी की
- जलदाय विभाग के अधिकारियों ने लिखित में जल सप्लाई सुचारु होने का आश्वासन दिया

# सरकारी जमीन, आम रास्ता एवं नहर पर अतिक्रमण करने का विरोध

**भीलवाड़ा,** (निसं)। ग्राम भालड़ी खेड़ा ग्राम पंचायत बावड़ी तहसील मांडल भीलवाड़ा की सरकारी भूमि एवं नहर, पतवारी, ग्रामीणों की रोडियां पर क्षेत्र के भूमाफिया द्वारा अवैध अतिक्रमण करते हुए तारबंदी करके खंभे गाढ़ दिए गए एवं आम रास्ते को बंद कर दिया गया। इसके संबंध में समस्त ग्रामवासियों ने जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार भीलवाड़ा को ज्ञापन दिया।

समाजसेवी मोतीलाल सिंघानिया ने बताया कि वार्डपंच प्रतिनिधि सुरेश भील व ग्राम पंचायत बावड़ी के नेतृत्व में समस्त ग्रामवासी एवं महिलाएं सैकड़ों की तादाद में भीलवाड़ा जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और वहां भूमाफिया के खिलाफ ज्ञापन दिया गया, जिसमें बताया कि भूमाफिया ने सरकारी जमीन, जिसमें ग्रामीणों की रोडियां थी पतवारी एवं आम सरकारी रास्ता तथा नहर को खुर्द करते हुए तारबंदी करके आम रास्ता एवं सरकारी जमीन को अतिक्रमणग्रस्त कर दिया।

ग्रामीणों द्वारा विरोध करने पर वह भूमाफिया ने जातिगत गालियां देते हुए, जान से मारने की धमकी तक देने पर उतारू हो गए, जिससे समस्त ग्रामवासी आज इकट्ठे होकर सैकड़ों की तादाद में जिला मुख्यालय पहुंचे और वह भूमाफिया से उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की गुहार लगाई।

ज्ञापन में देवा गुर्जर, भैरू गुर्जर, गोपाल गुर्जर, रूपा गुर्जर, भंवर गुर्जर, संपत गुर्जर, गोपाल, जगदीश बलाई, देवा बलाई, बबलू बलाई, बद्री बलाई, नारायण भील, बालू भील, सांवर भील, नर्मदा बलाई, कमला बलाई, सरिता बलाई, श्यामू भील, कमला भील, देवू बलाई सहित सैकड़ों महिलायें एवं ग्रामवासी मौजूद थे।

ग्राम भालड़ी खेड़ा ग्राम पंचायत बावड़ी तहसील मांडल भीलवाड़ा के ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

- ग्रामवासियों ने जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार भीलवाड़ा को ज्ञापन दिया